नागरिकशास्त्र शिक्षण का पाठ्यक्रम
[Curriculum of Civics Teaching]

पाठ्यक्रम का अर्थ :- 'पाठ्यक्रम' शब्द का अंग्रेजी अनुवाद 'Curriculum' होता है जिसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'Currere' शब्द से हुई है। जिसका शाब्दिक अर्थ "दौड़ का मैदान" [Race Course] होता है। पाठ्यक्रम उस दौड़ के मैदान के समान है जहाँ बालक शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए दौड़ में भाग लेता है। प्राचीनकाल में पाठ्यक्रम का अर्थ छात्रों को विषयों का ज्ञान प्रदान करना और इसी आधार पर शिक्षक भी अपना उद्देश्य पाठ्यक्रम को समाप्त करने तक सीमित कर देते थे। परन्तु वर्तमान युग में पाठ्यक्रम का अर्थ बालक के व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ जीवन के अनुभवों, क्रियाओं तथा विचारों को भी शामिल किया जाता है। पाठ्यक्रम में इस बात पर भी बल दिया जाता है कि छात्रों की रुचि व जिज्ञासा बरकरार रहे।

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, देवरा, बलिया

पाठ्यक्रम की परिभाषाएं :- मुदालियर शिक्षा आयोग के अनुसार, "पाठ्यक्रम का अर्थ केवल परम्परागत ढंग से विभिन्न विषयों का सुव्यवस्थित ज्ञान देना ही नहीं, वरन् बच्चे के उन अनुभवों का योग है, जो कि वह स्कूल में विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा प्राप्त करता है, चाहे

के अनुभव कक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला,
खेल के मैदान और छात्र व शिक्षकों के
अन्य औपचारिक सम्पर्कों द्वारा प्राप्त हुए हो।
इस प्रकार स्कूल का समस्त वातावरण पाठ्य
बन जाता है और व्यक्तित्व का विकास करने
मे सहायक होता है।"

टी॰ पी॰ नन के अनुसार, "पाठ्यक्रम को क्रिया
के उन विभिन्न रूपों में
देखा जाना चाहिए जो मानव-आत्मा के भव
प्रदर्शन है और जिनका विशाल संसार के
लिए सबसे अधिक और सबसे स्थायी
महत्व है।"

कनिंघम के अनुसार, "कलाकार (शिक्षक) के
हाथ में यह (पाठ्यक्रम)
एक साधन है जिससे वह पदार्थ (शिक्षार्थी)
को अपने आदर्श (उद्देश्य) के अनुसार अपने
स्टूडियो (विद्यालय) में चित्रित कर सके।"

मुनरो के अनुसार, "पाठ्यक्रम में वे सब क्रिया
सम्मिलित है जिनका हम
शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु विद्यालय
में उपयोग करते है।"
कोठारी आयोग के अनुसार, "विद्यालय की देख
उसके अन्दर तथा बा
अनेक प्रकार के कार्यकलापों से छात्रों को विभिन्न अ
ध्ययन अनुभव प्राप्त होते है, हम विद्यालय पाठ्यक्रम
इन अध्ययन अनुभवों का समिष्ट मानते है।"

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, तारा, बलिया

19.9.20